# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
# संशोधित कार्यसूची
## शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022 / भाद्रपद 04, 1944 (शक)
## 11.00 बजे पूर्वाह्न
## राष्ट्रगीत–*वन्दे मातरम्*

1. **निधन संबंधी उल्लेख**

2. **विशेष उल्लेख (नियम–280)** : निम्नलिखित सदस्यों द्वारा उपाध्यक्ष महोदया की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले उठाये जायेंगे:
    1. श्री नरेश यादव
    2. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी
    3. श्री जय भगवान
    4. श्री ओम प्रकाश शर्मा
    5. सुश्री भावना गौड़
    6. श्री जितेंद्र महाजन
    7. श्री संजीव झा
    8. श्री अजय महावर
    9. श्री जरनैल सिंह
    10. श्री अभय वर्मा

3. **प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण :**
**श्री राजेश गुप्ता**
**श्रीमती अतिशी**
**सेवा विभाग से उत्तर प्राप्त न होने पर समिति का प्रतिवेदन** प्रस्तुत करेंगे।

4. **सरकारी संकल्प (नियम–90) :**
**श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री** सदन पटल पर सरकारी संकल्प प्रस्तुत करेंगे। (संकल्प का पाठ अंग्रेजी कार्यसूची में संलग्न)

5. **प्रतिवेदन पर सहमति :**
**श्री राजेश गुप्ता**
**श्रीमती अतिशी**
प्रस्ताव करेंगे कि: *"यह सदन दिनांक 26 अगस्त, 2022 को सदन में प्रस्तुत **सेवा विभाग से उत्तर प्राप्त न होने पर समिति के प्रतिवेदन** से सहमत है।"*

**दिल्ली**
**26 अगस्त, 2022**

सी. वेलमुरूगन
संयुक्त सचिव

# सरकारी संकल्प (नियम–90)

"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली की विधान सभा 26 अगस्त 2022 को आयोजित अपनी बैठक में संकल्प करती है कि:

यह सदन गौर करता है कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार ने समाज कल्याण की योजनाओं के सभी मानकों पर अत्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है;

यह सदन आगे गौर करता है कि दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में, विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों को न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में माना और सराहा गया है;

यह सदन आगे गौर करता है कि पिछले 07 वर्षों में दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो काम किया गया है, वह आजादी के बाद से पिछली सरकारों द्वारा किए गए कार्यों से कहीं अधिक है। यह इस तथ्य से सिद्ध होता है कि शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को विदेशी प्रेस ने भी मान्यता दी है, जैसा कि हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स की फ्रंट पेज स्टोरी से यह साबित हुआ है, जिसमें मुख पृष्ठ पर शिक्षा मंत्री श्री मनीष सिसोदिया की फोटो भी है;

यह सदन आगे गौर करता है कि इस सरकार द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य अवसंरचना और मोहल्ला क्लीनिक की त्रिस्तरीय प्रणाली की अवधारणा की गूंज पूरे देश में सुनाई दी है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांति के रूप में इसकी सराहना की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव, श्री कोफी अन्नान ने मोहल्ला क्लीनिक की अवधारणा की प्रशंसा करते हुए इस पहल को 'सफल और प्रभावशाली बताया था, जो सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य के अनुरूप है';

यह सदन आगे गौर करता है कि दिल्ली दो साल पहले इलेक्ट्रिक वाहन नीति लाने वाला पहला राज्य था और पिछले दो वर्षों के दौरान पंजीकृत कुल वाहनों के प्रतिशत में नए इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में अन्य सभी राज्यों में अग्रणी है;

यह सदन श्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार को विगत 07 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में किये गये सभी विकास कार्यों के लिए बधाई देता है।

यह सदन कुछ ताकतों की गतिविधियों पर गंभीर चिंता के साथ गौर करता है, जो एक ऐसा वातावरण बनाने के लिए लगी हुई हैं, जो अब चल रहे अच्छे विकास कार्यों के अनुकूल नहीं है;

यह सदन, सरकार को विरोधी ताकतों से विचलित हुए बिना अच्छे कार्यों को जारी रखने का आह्वान करता है।"

# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## REVISED LIST OF BUSINESS

Friday, 26 August 2022 / 04 Bhadrapad 1944 (Shaka)

11.00 A.M.

**NATIONAL SONG -VANDE MATARAM**

1. **Obituary References**

2. **Special Mention (Rule-280) :**
   The following Members to raise matters under Rule-280 with the permission of the Chair :

   1. Shri Naresh Yadav
   2. Shri Akhilesh Pati Tripathi
   3. Shri Jai Bhagwan
   4. Shri Om Prakash Sharma
   5. Ms. Bhavna Gaur
   6. Shri Jitender Mahajan
   7. Shri Sanjeev Jha
   8. Shri Ajay Kumar Mahawar
   9. Shri Jarnail Singh
   10. Shri Abhay Verma

3. **Presentation of Report :**
   **Shri Rajesh Gupta**
   **Smt. Atishi**
   to present the **Report of Committee on Non-Receipt of Replies from Services Department**.

4. **Government Resolution (Rule-90) :**
   **Shri Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport** to move a Government Resolution on the Table of the House. (Text of Resolution attached).

5. **Adoption of Report :**
   **Shri Rajesh Gupta**
   **Smt. Atishi**
   *to move that "This House agrees with the* ***Report of Committee on Non-Receipt of Replies from Services Department*** *presented to the House on 26th August 2022".*

**Delhi**
**26 August 2022**

**C. Velmurugan**
**Joint Secretary**

# Government Resolution (Rule-90)

*"The Legislative Assembly of NCT of Delhi in its sitting held on 26th August 2022 resolves that :*

*This House notes that the elected Government of Delhi has performed exceedingly well on all parameters of Social Welfare Schemes;*

*This House further notes that the work done by the Government of Delhi in difference fields, especially in the field of Education & Health, has been recognized and appreciated not only in India but the world over;*

*This House further notes that the work done by the Government of Delhi in the field of Education in the last 07 years is much more than what has been achieved by the previous Governments since Independence. It is borne out by the fact that the work done in the field of Education has been recognized even by the foreign Press, as is evidenced by the front page story of New York Times recently, which also carries photo of Shri Manish Sisodia, Education Minister on front page;*

*This House further notes that the concept of Three Tier system of Health Infrastructure and Mohalla Clinics, introduced by this Government, has found resonance across the country and being appreciated all over as a Revolution in the field of Health. The Former Secretary General of United Nations, Shri Kofi Annan, had praised the concept of Mohalla Clinics and had termed the initiative as 'Successful and Impressive which is consistent with the goal of Universal Health Coverage';*

*This House further notes that Delhi was the first State to come out with Electric Vehicle Policy two years ago and is leading all other States in terms of new electric vehicles as percentage of the total vehicles registered during the last two years;*

*This House congratulates the Government led by Shri Arvind Kejriwal for all the development works being done in different fields during the last 07 years.*

*This House further notes with deep concern the activities of some forces which are bent upon to create an environment which is not conducive to the ongoing good development works;*

*This House exhorts the Government to continue the good work without getting de-motivated by inimical forces."*